पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पालमपुर
जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश
P M SHRI KENDRIYA VIDYALAYA PALAMPUR
DISTRICT KANGRA ,HIMACHAL PRADESH
वेबसाईट/Website-www.palampur.kvs.ac.in

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Pradhan Mantri Schools for Rising India

दूरभाष/Telephone No:- 01894-230661 ईमेल/Email-palampurkv@gmail.com
CBSE Affiliation No.:- 600003. CBSE SCHOOL CODE -44816

फा.29/1332/के.वी.पा./2026-2027 **WALK – IN – INTERVIEW** तिथि:-04.06.2026

विभिन्न पदों (अध्यापक व अन्य) पर अस्थाई (purely on contractual basis) नियुक्ति हेतु साक्षात्कार के लिए आवेदन पत्र शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आमंत्रित किए जाते हैं । इच्छुक उम्मीदवार पदों के विवरण व योग्यता एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु केन्द्रीय विद्यालय पालमपुर की वेबसाइट www.palampur.kvs.ac.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं । केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्धारित मानदण्डों के अनुसार न्यूनतम शैक्षिक एवं अन्य आवश्यक योग्यताएँ पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन-पत्र निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल (**https://samvida-sathi.kvs.gov.in/login**) पर पूर्णतः एवं सावधानीपूर्वक भरकर दिनांक 16.06.2026 को सायं 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।आवेदन-पत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेज स्पष्ट, पठनीय तथा उच्च गुणवत्ता में अपलोड किए जाएँ। अपूर्ण, अस्पष्ट अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उन्हें स्वतः निरस्त माना जाएगा।

ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

नोट: विद्यालय में सिर्फ निम्न रिक्तियां हैं – प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिंदी -(01), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संस्कृत -(01), विशेष शिक्षक (Special Educator)–(01), ATL इंस्ट्रक्टर (1),

अन्य शेष पदों हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए एक पैनल तैयार किया जाएगा। उक्त पैनल में चयनित अभ्यर्थियों को विद्यालय में भविष्य में रिक्तियाँ उत्पन्न होने की स्थिति में आवश्यकता अनुसार कार्य हेतु आमंत्रित किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि पैनल में सम्मिलित किया जाना नियुक्ति का अधिकार प्रदान नहीं करता है। पैनल की वैधता दिनांक 28 फरवरी 2027 तक रहेगी, जिसके उपरांत यह स्वतः निरस्त माना जाएगा।

जिन उम्मीदवारों के सभी दस्तावेजों को सत्यापित कर दिया जाएगा और सही पाया जाएगा केवल उन्हीं उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा । उन उम्मीदवारों की लिस्ट विद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाइट पर 19.06.2026 को दर्शायी जाएगी| अभ्यर्थी नीचे दी गयी समय –सारिणी के अनुसार साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं | यदि कोई भी अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं होता है और यदि उसके विषय का साक्षात्कार समाप्त हो जाता है तो उस दशा में सम्बन्धित अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा| अभ्यर्थी साक्षात्कार की तिथि दिनांक 20.06.2026 को अपने समस्त शैक्षिक, व्यावसायिक एवं कार्यानुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों तथा उनके मूल प्रमाण-पत्रों सहित उपस्थित हों। इन प्रमाण-पत्रों के अभाव में अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

क्र सं.	पदनाम	विषय	दिनांक	स्थान व समय
01.	स्नातकोत्तर शिक्षक (PGT)	भूगोल, इतिहास, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर साइंस	20-06-2026	पी एम् श्री केन्द्रीय विद्यालय पालमपुर (हि.प्र.) (प्रात: 09:00 बजे)
02	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(TGT)	हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत		
03	अन्य	विशेष शिक्षक (Special Educator), ATL instructor		

यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे प्रत्येक पद के लिए पृथक् ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एक ही आवेदन-पत्र को एकाधिक पदों हेतु मान्य नहीं माना जाएगा।

नोट: किसी भी विषय/पद के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या 40 से अधिक होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार के दिन प्रातः **9:00** बजे लिखित स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का भत्ता अथवा मानदेय नहीं दिया जाएगा।

प्राचार्य